डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा प्रख्यात कश्मीरी लेखक औतार कृष्ण रहबर के साथ 'कथासंधि' कार्यक्रम संपन्न

नई दिल्ली, 11 जनवरी 2019। साहित्य अकादेमी में आज तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में 'कथासंधि' कार्यक्रम का आयोजन अपराह्न 2.30 बजे किया गया। इस कार्यक्रम में प्रख्यात कश्मीरी लेखक एवं कथाकार औतार कृष्ण रहबर ने अपनी कहानियों का पाठ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में साहित्य अकादेमी के कश्मीरी परामर्श मंडल के संयोजक अज़ीज़ हाजिनी ने औतार कृष्ण रहबर को पुस्तक एवं अंगवस्त्रम् भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में साहित्य अकादेमी के कश्मीरी परामर्श मंडल के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

औतार कृष्ण रहबर कश्मीरी के प्रतिष्ठित लेखक हैं। औतार कृष्ण रहबर का प्रथम कहानी–संग्रह 'तबरूक' 1958 में प्रकाशित हुआ। आपकी उल्लेखनीय कृतियों में *कश्मीरी अदबुच तरीख़, मोखता लाड़, वन बठनै* (समालोचना) तथा *सोन शीन* शामिल हैं। आपको जे. एंड के. अकादमी पुरस्कार, सादिक़ मेमोरियल पुरस्कार, खिल्लत–ए–कश्मीर सहित अनेक पुरस्कार– सम्मान प्राप्त हुए हैं।

सन् 2017 में उन्हें कश्मीरी कहानी–संग्रह *येलि पर्द वोथ* के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उनके कथा–पाठ के समापन के बाद उपस्थित श्रोताओं ने उनसे उनकी रचना–प्रक्रिया को लेकर बहुत से सवाल पूछे, जिसका उन्होंने समुचित उत्तर दिया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन साहित्य अकादेमी के कश्मीरी परामर्श मंडल के सदस्य गौरी शंकर रैणा ने किया।

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in

साहित्य
साहित्य अकादेमी
कथा संधि
KATHA SANDHI